खबर संक्षेप

## महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाया

**यमुनानगर।** जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी निवासी कोमल ने अपने पति व ससुर पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। गंगानगर कॉलोनी जगाधरी निवासी कोमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी आठ जुलाई 2022 को पंजाब के खनौरी मंडी संगरूर निवासी हर्ष गोयल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। 10 जून को घर के सभी सदस्य घर पर मौजूद थे। इस दौरान उसकी अपने पति हर्ष गोयल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद आरोपी हर्ष ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर उसका ससुर भी मौके पर आ गया। आरोपी ने उसे अपने लड़के से छुड़ाने की बजाय उल्टा उसके साथ ही मारपीट शुरू की।

## सूने घर से नकदी व लाखों के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र की सुंदर विहार कॉलोनी में चोरों ने एलआईसी एजेंट शिव कुमार के बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के गहने चोरी कर लिए।सुंदर विहार कॉलोनी शिव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एलआईसी में एजेंट हैं। 13 जून की रात को वह अपनी पत्नी सीमा के साथ गांव मंडेबरी गया था, वहां माता का जागरण था। उसमें शामिल होने के बाद शुक्रवार को जब वह घर लौटा तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखी सारे आभूषण व 10 हजार रुपये की नकदी गायब थे।

## आईडी हैक कर रिश्तेदारों को भेजी अश्लील वीडियो

**यमुनानगर।** गांव बीबीपुर निवासी मोहम्मद तासिम की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उसकी महिला रिश्तेदारों को अश्लील वीडियो भेजी गई। गांव बीबीपुर निवासी मोहम्मद तासिम ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम आईडी बनाई हुई है। जिसमें उसके साथ उसके रिश्तेदार व दोस्त भी जुड़े हुए हैं। गत 27 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक करके फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी महिला रिश्तेदारों को गलत कमेंट किया। इस दौरान आरोपी ने गंदे गाने लगाकर वीडियो पोस्ट की। जब उसे इस बात का पता चला तो वह मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ित हुआ। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### अधिकारियों की बैठक में बाढ़ राहत कार्यों की तैयारियों का लिया जायजा

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से करें काम: सेतिया

**बैठक में सीईओ जिला पंकज सेतिया ने अधिकारियों को दिए बरसात के मौसम से पहले पहले नालों व ड्रेनों की सफाई करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में बाढ़ रोकथाम के इंतजामो को लेकर दिशा निर्देश देते हुए सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया। *फोटो: हरिभूमि*

जिला सचिवालय में बाढ़ रोकथाम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने की। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के मौसम से पहले नालों व ड्रेनों की सफाई करने व बाढ़ रोकथाम के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला परिषद पंकरज सेतिया ने कहा कि सभी विभाग बाढ़ आपदा से निपटने के लिए आपसी तालमेल से काम करें। संबंधित विभाग बरसात के मौसम से पहले पहले नालों व ड्रेनों की सफाई करें ताकि पानी के बहाव में कोई दिक्कत न आए। मौके पर उन्होंने मानसून मौसम के दौरान संभावित बाढ़ के खतरों से बचाव को लेकर समय रहते किए जा रहे प्रबंधों व उठाए जा रहे कदमों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग शीघ्र अति शीघ्र सभी प्रकार के प्रबंध पूर्ण कर लें व उच्च अधिकारी बाढ़ बचाव कार्योर् के लिए किए जा रहे कार्योर् व कदमों पर कड़ी नजर रखें। सेतिया ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी अपने अपने क्षेत्रों में बाढ़ राहत केंद्र स्थापित करें। बाढ़ के दिनों के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करें तथा आर्मी, वायुसेना व एनडीआरएफ के अधिकारियों से बराबर संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक एक जीवन महत्वपूर्ण है।इसलिए सभी अधिकारी लोगों को नदियों में बढ़ते हुए जल स्तर की जानकारी समय पर दें। इसके लिए हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित करें और उनसे नदियों के बढ़ते जलस्तर की जानकारी हासिल करें। इसके साथ ही केन्द्रीय जल बोर्ड और मौसम विभाग के सम्पर्क में भी रहे। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ से प्रभावित लोगों को उनके व्हाट्सएप ग्रुप में हिन्दी भाषा में सूचना भेजें। इस अवसर पर एसडीएम छछरौली राजेश पूनिया, एसडीएम रादौर जय प्रकाश, डीएसपी कंवलजीत, डीआरओ श्याम लाल आदि मौजूद थे।

### पानी निकासी के पंप सेटों को रखें तैयार

सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने अधिकारियों को बिजली से चलने वाले पानी निकासी के पंप सैटो के साथ साथ जनरेटर सैट या डीजल से चलने वाले पंपों को पूरी तरह से तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि पंप सही चालू हालत में हों और उनके ऑपरेटर भी हर समय उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि ड्रेनों की सफाई का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें। सेतिया ने गोताखोरों को भी पर्याप्त मात्रा में तैयार रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी पिछली बार से ज्यादा तैयारी करें। उन्होंने कहा कि नदियों में जलस्तर के बढ़ते ही नहर को तुरंत बंद कर दिया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पर्याप्त मात्रा में डीजल पंप सेटों का प्रबंध कर लें।

### खाद्य सामग्री का रखें स्टॉक

सीईओ पकंज सेतिया ने डीएफएससी को निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ के दौरान हर प्रकार की खाद्य सामग्री पहले से ही तैयार रखें। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग भी पर्याप्त दवाईयां स्टॉक में रखें। उन्होंने अधिकारियों को स्वयंसेवी संस्थाओं की रेस्क्यू टीम तैयार रखने के भी निर्देश दिए।


**यमुनानगर।** ज्वाला माता मंदिर में शुरु किए गए ध्यान साधना शिविर में प्रथम दिन ध्यान लगाते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

# ज्वाला माता मंदिर में ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- शिविर के शुभारंभ पर प्रथम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लगाया ध्यान
- चालीस दिवसीय शिविर का समापन गुरू पूर्णिमा पर होगा

शहर के आईटीआई के नजदीक स्थित ज्वाला माता मंदिर में शनिवार को 40 दिवसीय ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में प्रथम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर ध्यान लगाया। शिविर का समापन गुरू पूर्णिमा पर होगा। मंदिर के संर्पित सेवक जी व रसिक ने बताया कि माता ज्वाला की कृपा से शिविर रोजाना सुबह साढ़े चार बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य ज्यादा से ज्यादा संगत को भक्ति पथ पर लगाया जा सके। संगत अपने मन को एकाग्रचित कर प्रभु चरणों में लगा सके। उन्होंने बताया कि ज्वाला माता ने फरमाया कि हमे अच्छे कर्म करने चाहिएं और जितना समय हो सके उतना प्रभु भक्ति की तरफ ध्यान देना चाहिए। आज के समय में अपने मन को नियंत्रित करते हुए हमे प्रभु सिमरन की तरफ अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। इस ध्यान शिविर में हर आयु के भक्त भाग ले रहे हैं। जिसमे बच्चे,बुजुर्ग और युवा शामिल होकर अपने जीवन को सफल बना रहे हैं। मौके पर ध्यान साधना शिविर में भाग ले रही संगत ने बताया ज्वाला माता की कृपा से उन्हें प्रभु भक्ति करने का सौभाग्य मिल रहा है। ध्यान साधना शिविर के अंत में आरती का आयोजन किया गया।

# मामू मौला बक्श की मजार पर आयोजित हुआ भंडारा

- भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

रादौर के धौबी मोहल्ला स्थित मामू मोला बक्श की मजार पर श्रद्धालुओं ने 38वें विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मजार के भगत ज्ञानचंद व उनके परिवार की ओर से करवाए गए भंडारे से पूर्व मामू मौला बक्श की मजार पर चादर चढ़ाकर सभी के लिए सुख शांति की कामना की गई। वहीं, रात्रि के समय मजार पर कलव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कव्वालों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भगत ज्ञानचंद ने बताया कि मामू मौला बक्श की मजार को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आस्था है। मजार पर सच्चे मन से मुराद मांगने पर भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। इस अवसर पर रमेश चौहान, कृष्ण लाल चौहान, राकेश कुमार नीकू, संजीव कुमार, वीरेंद्र कुमार, शुभम व मोंटी आदि मौजूद रहे।

# योग से तन व मन रहता है स्वस्थ: डॉ. कुमार

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर तेजली स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** तेजली खेल परिसर में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर के समापन पर यौगिक क्रियाएं करवाते योग विशेषज्ञ व योगाभ्यास करते साधक।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शहर के तेजली खेल स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर योग शिविर में मुख्यातिथि के रुप में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने भाग लिया। जबकि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने अध्यक्षता की। वहीं, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार व योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने साधकों को यौगिक क्रियाएं करवाई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ, पवन कुमार ने कहा कि योग शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति और ऊर्जा निर्माण में मदद करता है। योग से योग से तन व मन रहता है स्वस्थ और अनेक बीमारियां ठीक होती हैं। बच्चों, महिला व वृद्धजनों के लिए योग शरीर, दिमाग और भावनाओं के लिए एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

मौके पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार के साथ.साथ योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने योगा प्रोटोकॉल करवाया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, ,भुजंगासन, शलभासन, सेतूबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, कपाल भाति व अनुलोम विलोम का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कांबोज ने बताया कि पतंजलि महिला योग समिति की अध्यक्षा सोमा देवी ने अपने सहयोगियों के साथ योग सत्र में भाग लिया।

मौके पर डॉ. जसविंद्र सिंह चहल, डॉ. वागेश गुटैन, आयुष सहायक बीरू मित्तल, मधु शर्मा, सोनिया, पूजा, स्वर्णजीत कौर, वीनस व उपेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

शहर की भूरिया कॉलोनी कांसापुर में चोरों ने अंजू रानी के घर में घुसकर सात हजार रुपए तथा मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अंजू रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जून को रात का खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ घर पर सो गई थी। रात को करीब एक बजे जब उसकी आंख खुली तो उसे टेबल पर रखा मोबाइल नहीं मिला। जांच करने पर घर से सात हजार रुपये भी गायब मिले। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर नकदी व मोबाइल चोरी किया है।

### चोरों ने चार किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटर

गांव खजुरी निवासी अमित चौहान ने बताया कि वह खेती-बड़ी करने का काम करता है। उसने अपने खेत में पानी देने के लिए 5 हॉर्स पावर की मोनोब्लॉक मोटर ट्यूबवेल के कमरे में लगाई हुई है। शुक्रवार को जब वह खेत में आया तो चोरों ने ट्यूबवेल के कमरे से दीवार तोड़कर मोटर चोरी की हुई थी। जांच के दौरान उनके पड़ोसी वीरभान शर्मा, जरनैल सिंह व साहब सिंह के ट्यूबवेल से भी मोटर गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

# भ्रमण करने से बच्चों का होता है बौद्धिक विकास: सिंगला

- बाल वाटिका प्ले स्कूल जठलाना के बच्चों ने महाराणा प्रताप पार्क रादौर का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर


**यमुनानगर।** रादौर स्थित महाराणा प्रताप पार्क में भ्रमण करते हे स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे।

बाल वाटिका प्ले स्कूल जठलाना के नन्हें मुन्ने बच्चों ने महाराणा प्रताप पार्क रादौर का भ्रमण कर झूलों का आनंद उठाया। स्कूल प्रभारी चारू सिंगला की देखरेख में स्कूल के 21 बच्चों ने पार्क में लगे फुव्वारों, झूलों, व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर खूब मौज मस्ती की। स्कूल की प्रभारी चारू सिंगला व बच्चों का रोटरी क्लब की ओर से महिला प्रधान पूजा माटिया व अन्य सदस्यों ने पौधा भेंटकर सम्मानित किया। महाराणा प्रताप पार्क भ्रमण के दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने शहर की प्राचीन गोगा माढ़ी पर जाकर माथा टेका। मौके पर स्कूल प्रभारी चारू सिंगला ने बताया कि बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार के भ्रमण बहुत जरूरी होते हैं। इससे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। स्कूल की ओर से नियमित रूप से इस प्रकार के आयोजन कर बच्चों के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि करने का काम किया जाता है।

इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने पार्क में लगे झूलों पर झूलकर खूब मस्ती की। इसके बाद पार्क में लगे रंग बिरंगे फव्वारों को देखकर बच्चे काफी अभिभूत हो गए। मौके पर बच्चों को लंचब्रंच दिया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्य पुलकीता शर्मा, प्रीति व बेबी रानी आदि ने बच्चों का मार्ग दर्शन किया। बच्चों को पार्कों के रखरखाव व उनकी सुंदरता बनाए रखने को लेकर बच्चों का मार्ग दर्शन किया।

# विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में शनिवार को कस्बा में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस आदरभाव से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने कहा कि दुनिया भर में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस प्रस्ताव को लाने का सबसे बड़ा कारण था कि दुनिया में बुजुर्गों की हो रही अनदेखी और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना रहा। हाल ही में एक सर्वे में सामने आया है कि दुनिया भर में बुजुगोंर् के साथ हो रही अनदेखी और दुर्व्यवहार की सबसे बड़ी वजह सोशल मीडिया है। आजकल लोग सोशल मीडिया पर इतने व्यस्त हो रहे हैं कि वह कभी घर के बुजुर्गों से बात ही नहीं करते। जिससे वह न तो कभी उनसे जुड़ाव महसूस करते हैं और न ही उनके अस्तित्व से उन्हें कोई मतलब होता है। जिसके चलते दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ अनदेखी के मामले बढ़े हैं। अब अधिकांश लोग बुजुर्गों को अपना सबसे बड़ा बोझ समझने लगे हैं।उन्होंने लोगों से खासकर युवाओं से अपने माता पिता का सम्मान करने के लिए आहवान किया।

**श्रीकृष्ण कथा** | रादौर के गोपाल मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण कथा में कथाव्यास ने फरमाया

# जीवन के हर रंग को अपने भीतर समाए हुए हैं भगवान श्रीकृष्ण:आचार्य

- कथाव्यास आचार्य जितेंद्र द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर


**यमुनानगर।** रादौर में गोपाल मंदिर में चल रही श्री कृष्ण कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को सुनाते हुए कथाव्यास आचार्य जितेंद्र द्विवेदी। *फोटो: हरिभूमि*

रादौर के गोपाल मंदिर में चल रही श्रीकृष्ण कथा में शनिवार को प्रभु की बाल लीलाओं के महत्व से अवगत करवाया। कथा में कथाव्यास आचार्य जितेंद्र द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग को सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कथाव्यास आचार्य जितेंद्र द्विवेदी ने फरमाया कि भगवन श्रीकृष्ण की महिमा अपरंपार है। उनकी लीलीओं से जीवन जीने की सीख मिलती है। कथाव्यास ने कहा कि वासुदेव ने अपने आठवें पुत्र को नंद और यशोदा की पुत्री के स्थान पर रख दिया और उस नन्ही बच्ची को लेकर वापस आ गए। जब कंस वहां पहुंचा तो वसुदेव और देवकी ने उसे छोड़ देने की दुहाई दी और कहा कि यह एक कन्या है। इसका वध करना उचित नहीं है। मगर क्रूर कंस ने सभी मर्यादाएं लांघते हुए उस कन्या को जमीन पर पटक दिया। मगर कन्या जमीन पर नहीं गिरी और उसने एक अलग रुप धारण लिया और आसमान में उड़ गई। जाते समय कन्या ने कंस को चेताया कि उसका संहार करने वाले भगवान श्री कृष्ण ने जन्म ले लिया है।

### माखन गोप गोपियों की आजीविका थी

कथाव्यास आचार्य जितेंद्र द्विवेदी ने फरमाया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं आज भी लोगों के मन को लुभावती हैं। भगवान श्री कृष्ण बाल रुप में माखन चोरी करके अपने सखाओं को खिलाते थे। माखन गोप गोपियों की आजीविका थी। ऐसे में गोपियां भगवान श्री कृष्ण की माँ से शिकायत करती रहती थी। मगर भगवान श्री कृष्ण अपने बालरुप में मासूम बनकर अपनी मां को मना लेते थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण एक बांसुरी वादक हैं और बहुत अच्छा नाचते भी हैं। वह अपने दुश्मनों के लिए भयंकर योद्धा हैं। कृष्ण एक ऐसे अवतार हैं जिनसे प्रेम करने वाले हर घर में मौजूद हैं। वे एक चतुर राजनेता और महायोगी भी हैं। वो एक सज्जन पुरुष हैं और ऐसे अवतार हैं जो जीवन के हर रंग को अपने भीतर समाए हुए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में महान गीता का ज्ञान दिया था। मौके पर भजनों के माध्यम से साधकों को मन मोह लिया।

# प्राचीन गोगा माढ़ी पर भंडारे का आयोजन

- माढ़ी के पुजारी अनिल कश्यप समेत गणमान्य ने हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए की मंगल कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर


**रादौर।** प्राचीन गोगा माढ़ी पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

रादौर स्थित प्राचीन गोगा माढ़ी में शनिवार को हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र में सुख शांति व खुशहाली के लिए मंगल कामना की। गोगा माढ़ी के पुजारी अनिल कश्यप ने बताया कि माढ़ी पर सुबह के वक्त पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दोपहर 12 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि रादौर कस्बा स्थित प्राचीन गोगा माढ़ी की महिमा दूर दूर तक बनी हुई है। जाहरवीर गोगा माढ़ी को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। लोग प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नते मांगते है। मन्नते पूरी होने पर श्रद्वालु पवित्र छड़ी निशान चढ़ाते है। इस अवसर पर बाबू कश्यप, तरुण, गुलशन, तनुष, सोमप्रकाश, विजय, सचिन, सक्षम, सुनील, नितिन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### लोगों को बैंकों का लाभ लेना चाहिए : संदीप गर्ग

हरिभूमि न्यूज. लाडवा। लाडवा-संभालखा रोड़ पर स्थित डीसीबी बैंक में बैंक का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बैंक के ब्रांच मैनेजर सिमरजीत सिंह ने कहा कि पिछले सात वर्षों से लाडवा क्षेत्र में वह उनका बैंक लोगों की सेवा में तत्पर बना हुआ है और लोगों को काफी लाभ दे रहे हैं। वहीं भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लोगों को ऐसे बैंकों का लाभ लेना चाहिए और फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलनसार काम करने वाले हैं। वहीं बैंक सदस्यों द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग को फूल गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का हुआ समापन



**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को बौद्विक विकास तथा नवाचार हेतु ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का आयोजन किया गया। सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि ये ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर तीन संकायों में आयोजित किया गये। सोनी ने बताया कि पहली कक्षा से तीसरी कक्षा हेतु रचनात्मक कला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवांछनीय एवं खराब वस्तुओं से रचनात्मक कार्य सिखाए गए तथा तीसरी से छठी कक्षा हेतु प्रकृति को जानिए कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### रक्तदाता दिवस पर मिथुन समाना सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मिथुन समाना को उनकी रक्त सेवा के लिए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम अम्बाला के सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री व विधायक अम्बाला अनिल विज भी मौजूद रहे। भारतीय रैडक्रोस की तरफ से भी मुकेश अग्रवाल व सुषमा गुप्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे। वर्ष 2007 से नियमित 27 बार प्लेटलेट्स सहित 63 बार रक्तदान कर चुके मिथुन समाना ने बताया कि वह केवल स्वयं ही रक्तदान नही करते हैं अपितु वे रक्तदान शिविर भी आयोजित करते हैं।

## प्रकाश पर्व समागम में श्रीदरबार साहिब अमृतसर से 4 हजूरी रागी जत्थे करेंगे कीर्तन

# धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीगुरु हर गोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व : भूपिंदर

16 जून को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी से शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व समागम 16 जून को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी से शुरू होगा। जानकारी देते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि समागम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समागम में उचित प्रबंध को लेकर अधिकारियों समेत कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। उन्होंने बताया कि समागम में संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर सहित अन्य मैंबर साहिबान शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समागम में 20 व 21 जून को दीवान सजाए जाएंगें। संस्था की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर ने बताया कि समागम में सचखंड श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के हजूरी रागी जत्था भाई शुभदीप सिंह, भाई अमनदीप सिंह, भाई ओंकार सिंह व भाई कर्मजीत सिंह शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। इसके साथ ही पंथ प्रसिद्ध रागी भाई जगप्रीत सिंह खन्ने वाले, गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब के हैड ग्रंथी भाई जगजीत सिंह भी संगत का मार्गदर्शन करेंगे। बीबी रविंद्र कौर के मुताबिक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर एवं प्रसिद्ध कथावाचक भाई साहब सिंह चक्कू, धर्म प्रचार के कविशरी जत्था भाई गुरमीत सिंह दनौली, भाई लखविंदर सिंह पारस का ढाडी जत्था, गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के पूर्व हैड ग्रंथी कथावाचक भाई गुरदास सिंह, हैड ग्रंथी कथावाचक सिमरनजीत सिंह संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** प्रकाश पर्व समागम के बारे में जानकारी देते प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना।

### प्रकाश पर्व पर श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी से शुरू होगा समागम : अजराना

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी 16 जून को शुरू होगी, जबकि 18 जून को पहली लड़ी के समापन उपरांत दूसरी लड़ी का शुभारंभ होगा। दूसरी लड़ी के समापन उपरांत ही 20 जून को अंतिम व तीसरी लड़ी का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समागम में दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से हजारों की गिनती में संगत यहां पहुंचती है, जिनके ठहराव के लिए रिहायश का उचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व से एक दिन पहले 21 जून को गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा, जिसमें हजारों की गिनती में संगत शामिल होगी। उनके मुताबिक धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में सजाए जाने वाले महान नगर कीर्तन की अगुवाई पारपंरिक वेशभूषा में पंज प्यारें करेंगे। यह महान नगर कीर्तन रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, लाल सडक, थानेसर बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, सिकरी चौक, शास्त्री मार्किट, बिड़ला मंदिर से होते हुए देर सायं गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में ही संपन्न होगा। इसके साथ ही समागम के दौरान दस्तार प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा। यह शिविर 16 से 22 जून तक निरंतर चलता रहेगा। इसके अलावा 22 जून को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही सातवीं कुरुक्षेत्र में ही अमृत संचार करवाया जाएगा। अजराना के मुताबिक समागम में श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली, शब्द चौकी जत्था, श्री सुखमणि सेवा सोसायटी (गुरुद्वारा पटा साहिब), श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा सोसायटी, हेमकुंठ साहिब सेवा सोसायटी, भाई तारु सिंह सेवा दल, हरि के सेवक जत्था, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, गुरु नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल विशेष रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## पीपीपी के डाटा वेरिफिकेशन के लिए विशेष शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए विशेष शिविर आयोजित हो रहे है, यह शिविर 22 जून तक खंड स्तर पर व नगर पालिका क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि यह शिविर नगर परिषद कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय तथा प्रत्येक ब्लॉक के करीब 10 गांवों में आयोजित किए जा रहे है। परिवार पहचान पत्र से संबंधित अगर किसी की आय में बदलाव करना है तो उसे संबंधित दस्तावेज दिखाना होगा, शादी के बाद अपनी बेटी का नाम परिवार पहचान पत्र से कटवाना है तो उसे विवाह पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर नाम कटवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र दिखाना होगा, अगर नए बच्चे का नाम जोड़ना है तो उसे जन्म प्रमाण पत्र दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी का मोबाइल नंबर सही नहीं है तो वह मौके पर बदलवा सकता है और बीपीएल कार्ड अगर बना है तो मौके पर ही अपना बीपीएल कार्ड निकलवा सकता है।

### नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार को लेकर फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**कुरुक्षेत्र।** निट यूजी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस ने नए बस स्टैंड पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका और विद्यार्थियों ने भाजपा सरकार के मुदार्बाद के नारे लगाए। हम केंद्र सरकार से कुछ सवाल पूछना चाहते हैं कि क्या देश में गरीब का बच्चा डॉक्टर भी नहीं बन सकता? 67 बच्चों के 720 में से 720 नंबर कैसे आ गए? जिन 1,563 बच्चों की दुबारा परीक्षा हो रही है, उनमें से 6 टॉपर बच्चे निकाल भी दें, तो भी 61 बच्चे टॉपर कैसे हो सकते हैं? 5 मई को पटना में नीट की परीक्षा लीक होने की एफआईआर दर्ज हुई थी, लीक हुए पेपर से मिलान करने के लिए बिहार पुलिस द्वारा मांगे जाने पर असली पेपर एनटीए यों नहीं दिए? इतने बड़े-बड़े पेपर हमारे देश में लीक होना, ये जताता है कि इनमें हाथ सत्ता में बैठे मंत्रियों और विधायकों का भी है ? इस मौके पर अर्पित, अंकुर, टूलू मथाना, अर्जुन गाबा और अधिक संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हर देशवासी को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : प्रो. सोमनाथ

■ केयू में दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि हर देशवासी को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में सदैव धैर्यता और वीरता का परिचय दिया तथा रावण जैसे शत्रु को भी क्षमा दान दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भगवान श्रीराम को महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखित रामायण के माध्यम से जाना जाता है मुनि वाल्मीकि ने जो रामायण लिखी उसका विस्तार एक वट वृक्ष की भांति हो गया है इसका सारा श्रेय महर्षि वाल्मीकि और वाल्मीकि समाज को जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने जीवन में धर्म अनुसार सभी मयार्दाओं का पालन किया जिस वजह से उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम की संज्ञा दी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज ज्यादातर सप्त सिंधु प्रदेश में पाया जाता है जिसका मुख्य कारण भगवान वाल्मीकि का इस प्रदेश में आश्रम का होना है।



**कुरुक्षेत्र।** संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### मानसून से पहले की जाए नालों की सफाई

**थानेसर।** स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मानसून सीजन से पहले बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध पूरे किए जाए, ड्रेनों ,नालों की सफाई की जाए और सरस्वती नदी की सफाई की जाए और दोनों तरफ किनारों को पक्का किया जाए। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा शनिवार को मानसून सीजन आने से पहले पानी निकासी के लिए किए जाने वाले प्रबंधों को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर रहे थे। सबसे पहले स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा सरस्वती नदी पिपली, खेडी मारकंडा, हरिनगर, दीदार नगर, सिरसला रोड़ सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय रहते सभी क्षेत्रों के नाले साफ होने चाहिए तथा सीवरेज व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए, खेडी मारकंडा में सम्बन्धित क्षेत्र में सफाई करने के बाद मिट्टी की भरत पूरी करे।

## 30 दुकानदारों को रजिस्ट्रियां देकर दिया मालिकाना हक : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 20 साल से ज्यादा समय से नगर परिषद की दुकानों में रह रहे दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक लगातार दिया जा रहा है। दुकानों के किराएदारों को मालिकाना हक देकर प्रदेश सरकार द्वारा अद्भुत और सराहनीय किया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय के तहत थानेसर के 140 दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक दिया जा चुका है और शनिवार को 30 दुकानदारों को रजिसट्रियां देकर उनको मालिकाना हक दिया गया है। हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा शनिवार को सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत मंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र के 30 दुकानदारों को मालिकाना हक की रजिसट्रियां सौंपी और उनको दुकानों के मालिकाना हक की रजिसट्रियां मिलने पर बधाई भी दी।



**कुरुक्षेत्र।** दुकानदार को रजिसट्री देते शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा। 15केयूके18

दुकानदारों में संदीप , पपीश ,सुरेश , पवन , सुनील, दिशांक, अमित, सूरज प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद, अंगूरी देवी, अशोक, अमित गुप्ता, सलोचना देवी, अशोक कुमार,कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार, रमेश चंद, भागवंती देवी, कृष्ण चंद, सुनील कुमार, विनोद कुमार बसंल, राजीव अरोडा, हरद्वारी लाल, सचिन कुमार, विजय कुमार, जय कुमार, राजेश गौतम, आतिश कुमार, हरिश सहगल, सीता रानी शामिल है,

## कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा कुवि के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के शोध छात्र सुखबीर सिंह तथा अन्य लेखकों के सहयोग से लिखी गई पुस्तक रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स का विमोचन किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शोध कार्य और शोध कार्य आधारित प्रशासन के लिए शोध नैतिकता अत्यंत आवश्यक है विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को अपने शोध कार्य में शोध नैतिकता का ध्यान रखना चाहिए। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षा से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों के लिए यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने संपादक सुखवीर सिंह तथा अन्य उपस्थित व्यक्तियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक का प्रकाशन भारत के प्रसिद्ध प्रकाशक अरिहंत पब्लिशर द्वारा किया गया है कि सुखबीर सिंह पुस्तकालय विज्ञान विभाग के शोध छात्र हैं और उनकी यह दूसरी पुस्तक है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डॉ. आनन्द कुमार सहित शोधार्थी मौजूद रहे।



## थर्ड गेट से ज्योतिसर तक की सड़क का निर्माण कार्य शुरू

■ विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अधिकारी तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करे तथा किए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट से ज्योतिसर तक की सडक का कार्य शुरू करने उपरांत उपस्थित अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सडक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही है तथा इस सडक पर करीब 17 करोड़ 51 लाख रुपए खर्च होंगे और जल्द से जल्द इस सडक का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। उमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार शहर के लाखों लोगों को सहूलियत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। अब लाल डोरा भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें समपति बेचने का अधिकार मिल जाएगा।



## युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मुरली शर्मा हुए सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** मुरली शर्मा को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दतात्रेय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के तत्वाधान में विश्व रक्त दाता दिवस पर सनातन धर्म कॉलेज अंबाला कैंट के सभागार में महिला रक्तदाता एवं सेवा संस्थान सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल बडारू दतात्रेय द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में किए गए कार्यों को देखते हुए टीम युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मुरली शर्मा को समानित किया गया। इस अवसर पर डाक्टर मुकेश अग्रवाल, महासचिव भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ एवं डॉक्टर सुनील कुमार सचिव ओमप्रकाश लिपिक मौजूद रहे।

## देश की संस्कृति नष्ट होने से उसका असर शिक्षा पद्धति पर होता : देशराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की प्रांतीय ईकाई हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र, हरियाणा द्वारा आचार्य गुणवत्ता विकास हेतु गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास वर्ग के 14वें दिन के बौद्धिक सत्र में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री देशराज शर्मा ने हिंदुत्व की व्याख्या करते हुए कहा हिन्दुत्व ही राष्ट्रीयत्व हैं।सिन्धु नदी के किनारे पर रहने वाले लोग हिंदू कहलाएँ।वीर सावरकर ने कहा वे सभी लोग हिन्दू हैं जो सिन्धु से लेकर समुद्र किनारे तक बसते हैं, जिसे वे पवित्र भूमि मानते हैं।हमारी युवा पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करने के लिए विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। हिन्दू शब्द ना तो धर्म है ना मत है ना समुदाय है वह तो जीवन जीने की एक शैली है।धर्म तो सनातन है जो प्राचीन समय से चलता आ रहा है। हिन्दू प्रत्येक वस्तु में शांति चाहता है।राष्ट्र एक संस्कृति ईकाई है। किसी भी देश की संस्कृति अगर नष्ट होती है तो उसका सीधा असर उसकी शिक्षा पद्धति पर पड़ता हैं। इस अवसर पर वर्ग अधिकारी सम्पूर्ण सिंह, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख रामकुमार, सुभाष शर्मा, सुधीर कुमार, अनिल कुमार,सोमनाथ, नारायण सिंह,बलबीर सिंह, पृथ्वी सिंह, ललित, आदि शिक्षार्थी मौजूद रहे।

### गर्मियों में खादी को युवाओं ने किया पसंद

**कुरुक्षेत्र।** भीषण गर्मी के मौसम में शरीर के लिए कपड़े का बहुत सावधानी से चुनाव किया जाता है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में खादी सभी की पहली पसंद होती है। आजकल तो युवाओं द्वारा भी खादी को खूब पसंद किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र स्थित खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव सतपाल सैनी ने कहा कि खादी जितनी आरामदायक है उतनी ही आधुनिक फैशन के अनुसार भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार सादगी में ही सुंदरता है और खादी का पहनावा इस बात को साबित करता है। सैनी ने बताया कि आज राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात डिजाइनर भी खादी पर काम कर रहे हैं। भले ही फैशन और कपड़ों की दुनिया में बहुत कुछ बदल गया है, नया लुक, नए ट्रेंड्स या फिर नए डिजाइन लेकिन खादी एक ऐसा फैब्रिक है जो कभी पुराना नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि हर सीजन और मौसम में सबसे बेहतरीन और आरामदायक कपड़े के रूप में इस्तेमाल होने वाली खादी में कई तरह के मॉडर्न डिजाइन तैयार किए जा रहे हैं।

## विभिन्न राज्यों से आने वाली संगत की रिहायश के लिए किए प्रबंध : अजराना

# गुरसिख के आरोपियों पर धारा 307 लगाई जाए : भूपिंदर

■ सीएम सैनी और कैथल पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया

■ संस्था के हैड ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कैथल में गुरसिख नौजवान सुखविंदर सिंह को खालिस्तानी कहते हुए मारपीट करने के आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने का स्वागत किया है। वे संस्था के हैड ऑफिस में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैथल पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सिख किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं, बावजूद इसके सिखों को कई बार खालिस्तानी कहा जाता है, जो अनुचित है।

सिखों ने हमेशा देश की अखंडता के लिए बलिदान दिए है, परंतु कुछ लोग सामाजिक भाईचारा खराब करने के लिए ऐसी औच्छी हरकतें करते हैं, जो कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। हरियाणा कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि घायल सुखविंदर सिंह के उपचार का सारा खर्च हरियाणा कमेटी करेंगी। इसके साथ ही इस मामले में कोर्ट में केस के दौरान वकील की फीस भी संस्था द्वारा दी जाएगी। समागम के चलते जहां धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी को आर्कषक ढंग से सजाया गया है, वहीं दिल्ली, उत्तर प्रदेश प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से संगत समागम में पहुंचेगी।

समागम में शिरकत करने वाली संगत के लिए आसपास की धर्मशालाओं, होटल, हैड ऑफिस की श्री गुरु रामदास सराय में ठहराव के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अगले साल होने वाले समागम में रिहायश के प्रबंध को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी क्योंकि एक साल के भीतर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में निमार्णाधीन सराय बन कर तैयार हो जाएगी, जो कि आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। मीरी-पीरी चौक के बारे में अजराना ने बताया कि संगत के सहयोग से बाबा शुबेग सिंह कार सेवा वालों ने बहुत सुंदर चौक को तैयार किया है।

इस मौके पर एचएसजीएमसी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, उप सचिव रूपिंदर सिंह मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते एचएसजीएमसी प्रधान भूपिंदर सिंह असंध व कवलजीत सिंह अजराना।

